# एम.ए. (जेंडर एंड डेवलपमेंट स्टडीज़)

**असाइनमेंट 2026–27**

**प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम**

**जुलाई 2026 और जनवरी 2027 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए**

**स्कूल ऑफ जेंडर एंड डेवलपमेंट स्टडीज़**

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU)**

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068

**प्रिय शिक्षार्थियों**

MAGD के कार्यक्रम गाइड में बताए अनुसार, असाइनमेंट का किसी पाठ्यक्रम में **30 प्रतिशत भारांक** है। किसी पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए असाइनमेंट में कम से कम **40 प्रतिशत अंक** प्राप्त करना आवश्यक है। पाठ्यक्रम की टर्म-एंड परीक्षा में सम्मिलित होने से पहले असाइनमेंट जमा करना अनिवार्य है।

असाइनमेंट करने से पहले कार्यक्रम गाइड में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक **ट्यूटर मार्क्ड असाइनमेंट (TMA)** है। जिन पाठ्यक्रमों में आपने पंजीकरण किया है, उन सभी के लिए असाइनमेंट करना होगा। प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए असाइनमेंट अलग-अलग तैयार करके जमा करें।

असाइनमेंट जमा करने की अंतिम तिथियाँ:

1. **31 अक्टूबर 2026** — दिसंबर 2026 की टर्म-एंड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के लिए।
2. **30 अप्रैल 2027** — जून 2027 की टर्म-एंड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के लिए।

जमा किए गए असाइनमेंट की रसीद या क्षेत्रीय केंद्र से प्राप्त ई-मेल उत्तर अवश्य सुरक्षित रखें तथा असाइनमेंट की एक फोटो-कॉपी अपने पास रखें।

# MGS-001: जेंडर और विकास: अवधारणाएँ, दृष्टिकोण एवं रणनीतियाँ

**ट्यूटर मार्क्ड असाइनमेंट (TMA-01)**

**प्रोग्राम कोड: MAGD**

**कोर्स कोड: MGS-001**

**असाइनमेंट कोड: MGS-001/AST-01/TMA/2026-27**

**नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है। खंड A के प्रत्येक प्रश्न के 20 अंक हैं और प्रत्येक का उत्तर लगभग 700 शब्दों में दिया जाना है। खंड B के प्रत्येक प्रश्न के 12 अंक हैं और प्रत्येक का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दिया जाना है।**

## खंड-A

**1.** जेंडर के संदर्भ में **विकास (Development)** को परिभाषित कीजिए तथा फ्रैंक के **अल्पविकास के विकास का सिद्धांत (Frank's Thesis of the Development of Underdevelopment)** और वालरस्टीन के **विश्व-प्रणाली सिद्धांत (World Systems Theory)** के अंतर्गत अल्पविकास के सिद्धांतों की चर्चा कीजिए।

**2. वूमेन इन डेवलपमेंट (WID)** दृष्टिकोण की आलोचना कीजिए तथा समझाइए कि इससे **जेंडर एंड डेवलपमेंट (GAD)** दृष्टिकोण का उदय कैसे हुआ।

## खंड-B

**3. व्यावहारिक जेंडर आवश्यकताओं (Practical Gender Needs)** और **रणनीतिक जेंडर आवश्यकताओं (Strategic Gender Needs)** को उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए।

**4. सकारात्मक कार्रवाई (Affirmative Action)** क्या है? भारत सरकार द्वारा सकारात्मक कार्रवाई से संबंधित उठाए गए कुछ उपायों की व्याख्या कीजिए।

**5.** कृषि क्षेत्र में जेंडर को मुख्यधारा में शामिल करने (**Gender Mainstreaming**) के औचित्य का विश्लेषण कीजिए।

**6.** समकालीन भारत में महिलाओं पर **नवउदारवादी नीतियों (Neoliberal Policies)** के प्रभाव की व्याख्या कीजिए।

**7.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:

i) सारभूत समानता (Substantive Equality)

ii) सशक्तिकरण (Empowerment)

iii) जेंडर समानता (Gender Equality)

iv) उग्र नारीवाद (Radical Feminism)